HindiTech
A Blind Double Peer Reviewed Bilingual Web-Research Journal

# हिंदी भाषा शिक्षण और अधिगम संबंधी वेबसाइटों का मूल्यांकन

**संजय कुमार**

sanjay.kumar617@gmail.com

भाषा प्रौद्योगिकी में पी-एच. डी. के बाद रांची में अध्यापनरत

**सार**

मानव जीवन के विकास में इंटरनेट का प्रयोग एक महत्त्वपूर्ण पक्ष है। इंटरनेट के विकास के साथ, मुख्य रूप से WWW (World wide web) के प्रयोग द्वारा असंख्य वेबसाइट्स विकसित हुई हैं। वेब पर हिंदी भाषा अधिगम संबंधी अनेक वेबसाइट्स उपलब्ध हैं और इन पर उपलब्ध अधिगम सामग्री पहले की अपेक्षा विस्तार प्राप्त कर चुकी है। परिणामस्वरूप शिक्षार्थियों के लिए यह चुनौती बन गई है कि वह गुणवत्ता एवं आवश्यकता के अनुरूप किस वेबसाइट का चयन करें। इस स्थिति ने वेबसाइटों के मूल्यांकन की आवश्यकता को जन्म दिया है, जिससे वेबसाइट्स को सूचीबद्ध रूप में देखा जा सके। शिक्षार्थी आवश्यकतानुसार वेब संसाधनों को अधिकाधिक प्रभावात्मक रूप में प्रयोग कर सकें। इस आलेख के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया गया है कि वेबसाइट्स को किस मॉडल में वर्गीकरण एवं मूल्यांकन किया जाए जिससे भाषा अधिगम हेतु वेबसाइट्स को प्रयोग में लाया जा सके।

## प्रस्तावना

वेब पर उपलब्ध सभी शिक्षण सामग्रियाँ समान रूप से विश्वसनीय एवं प्रामाणिक नहीं होती हैं; इसलिए भाषा शिक्षकों को वेब पर उपलब्ध सामग्री की गुणवत्ता के विषय में स्पष्ट, विवेकी एवं चिंतनशील होना बहुत आवश्यक है। इसी संबंध में अनेक विद्वानों की विचार इस प्रकार हैं They need to know how to evaluate Web resources critically (Son, 2000). अर्थात् उन्हें कुशलतापूर्वक वेब संसाधनों

को मूल्यांकित करना आना चाहिए। It allows them to guide students to material that is interesting and useful to them and appropriate for their language proficiency level(Robb, n.d.). अर्थात् यह उन्हें सहायता प्रदान करता है उस रुचिकर सामग्री के चयन में जो स्वयं उनकी एवं छात्रों की भाषा के स्तर में निपुणता ला सके। They also need to know the types of interactions and delivery strategies employed on the web in order to develop and implement effective pedagogy in web environments (Bush, 1996). अर्थात् उन्हें वेब पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार के परस्पर विचार-विमर्शों एवं भाषण रणनीतियों से भी परिचित होना चाहिए, जिससे वेब वातावरण में प्रभावात्मक शिक्षाशास्त्र को अधिकाधिक विकसित एवं क्रियान्वित किया जा सके।

- वेब के विकास ने CALL (Computer assistant language learning) के संभावित विस्तार को अधिकाधिक विकसित किया है। (Allodi, Dokterand Kuipers, 1998)।
- This is evident in the growing literature that argues the potential of the web in teaching ESL/EFL (Bell, 1998: Knobel and Lnkshear, 1997; Liou, 1999; Robb, 1995; Son, 1998; Warschauer, 1995; Zhao, 1996).
- The Web offers a global database of authentic materials that can enhance language learning and teaching (Allodi, Dokterand Kuipers, 1998; Bell, 1998: Knobel and Lnkshear, 1997; Liou, 1999; Robb, 1995; Son, 1998; Warschauer, 1995; Zhao, 1996).
- किसी भी वेब-आधारित पाठ्यक्रम को प्रयोक्ता-सहज (यूजर-फेंडली) और मुक्त नेविगेशन की सुविधा से युक्त होना चाहिए। (सूरजभान सिंह, 2006)

वेबसाइट मूल्यांकन प्रणाली बनाने के संदर्भ में यह महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि वर्तमान में उपलब्ध वेबसाइट्स की शोध-आधारित जांच की जाए। इसके लिए आवश्यक है एक प्रोटोटाइप प्रणाली बनाई

जाए और प्रोटोटाइप प्रणाली के आधार पर वेबसाइट को मूल्यांकित कर वेबसाइट्स को क्रम के अनुसार प्रस्तुत किया जाए। यह आलेख प्रणाली को Human-Computer Interaction विषय को ध्यान में रखकर, वेबसाइट्स मूल्यांकन के मॉडल को प्रस्तुत करता है साथ-ही उन परिणामों को दर्शाता है। इस आलेख में अन्य भाषा के रूप में हिंदी भाषा से संबंधित पांच (5) वेबसाइट्स के वर्गीकरण एवं मूल्यांकन का अध्ययन किया गया है।

**वेबसाइट समीक्षा प्रारूप का विकास**

बैल (Bell) के अनुसार वेबसाइट के डिज़ाइन एवं मूल्यांकन एक दूसरे के पूरक हैं। इसलिए व्यावहारिक डिज़ाइन संबंधी चिंतन-मनन को वेबसाइट्स या वेबपृष्ठ के मूल्यांकन हेतु लागू किया जा सकता है। बैल (1998) भाषा शिक्षण और अधिगम संबंधी प्रभावी वेबसाइट्स के निर्माण हेतु कुछ पथ-निर्देशक नियमों का सुझाव प्रस्तुत करते हैं।

- वेबसाइट निर्माता अपने लक्ष्यों को जानें।
- सरलता बनाएँ रखें।
- प्रतिष्ठा के साथ उद्धरित करें।
- प्रस्तुत पाठय सामग्री के संदर्भ बताएँ।
- उपयोगकर्ता के आधार पर जानकारी का अनुमान न लगाएँ।
- उपयोगकर्ता के आधार पर तकनीक का अनुमान न लगाएँ।
- वेबपृष्ट का परीक्षण करें।

वही Kelly (2000) के अनुसार ESL (English as second language) छात्रों हेतु बेहतर वेबसाइट को डिज़ाइन करने के लिए कुछ सुझाव दिए हैं, जो इस प्रकार हैं-

- वेबसाइट को प्रयोग के दृष्टि से अधिकाधिक तीव्र और सरल बनाएँ।
- एक व्यावसायिक की भाँति सत्यता की जाँच करें।
- वेबसाइट को रुचिकर बनाएँ।
- 'Cutting edge technology' को प्रभावमयी रूप से प्रयोग में लाएँ।

सदैव ज्ञात रहे कि जो आपके अनुसार सत्य है वह सत्य नहीं भी हो सकता है: और उन लोगों के लिए चिंतित रहें जो शक्तिशाली कंप्यूटर का प्रयोग नहीं करते या जिनके पास आधुनिक ब्राउजर एवं हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधाएं नहीं हैं।

इन नियमों के साथ ही, ऐसी बहुत सी वेबसाइट्स एवं संदर्भ हैं, जो वेब संसाधनों के मूल्यांकन हेतु मानदंडों के लिए सुझाव देते हैं। वेब संसाधनों के मूल्यांकन हेतु अनेक विद्वानों द्वारा दिए गए प्रतिमान निम्नलिखित हैं-

**Alexander & Tate (1996) –** Authenticity, Accuracy, Objectivity.

**Joseph (1999) –** Speed First impression, Ease of site navigation, Content.

**McKenzie (1997) –** Reliability Accuracy Authority Currency Fairness Adequacy Efficiency

**Nelson (1998) –** Purpose Pedagogy Design.

इस जानकारी के गहन अध्ययन के पश्चात् वेबसाइट मूल्यांकन प्रतिमानों की एक सूची बनाई गई है। प्रतिमानों की सूची (प्रयोजन, सटीकता, प्रचलन, प्राधिकार, लोड करने की गति, उपयोगिता, संगठन, नेविगेशन, विश्वसनीयता, प्रामाणिकत्ता, अंतरक्रियाशीलता, प्रतिपुष्टि, मल्टीमीडिया, संप्रेषण, एकीकरण) जिसके आधार पर समीक्षकों या उपयोगकर्ताओं के द्वारा वेबसाइट्स पर प्रकाश डालने की कोशिश की गई है। इसके लिए मापदंड सूची को आधार बनाकर एक प्रश्नावली तैयार की गई जिसके आधार पर उक्त सभी वेबसाइट्स की समीक्षा उपयोगकर्ता के द्वारा दिए गए नम्बर के आधार पर वेबसाइट्स का वर्गीकरण एवं मूल्यांकन किया गया है।

वेबसाइट्स समीक्षा फार्म में मापदंड सूची के आधार पर तैयार की गई प्रश्नावली इस प्रकार है:

1. प्रयोजन (Purpose) – प्रयोजन कितना स्पष्ट है? प्रयोजन के अनुसार सामग्री है? वेबसाइट अपने लक्षित भाषा सीखने वाले के लिए उयुक्त है?

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक।

2. सटीकता (Accuracy) – सामग्री सही है?वर्तनी और व्याकरण सही हैं ?

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक।

3. प्रचलन (Currency) – वेबसाइट प्रचलन में है? नियमित रूप से अद्यतनीकृत वेबसाइट है?

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक।

4.प्राधिकार (Authority)- लेखक/लेखिका के बारे में जानकारी है? वह अपने काम के लिए मान्यता प्राप्त है?

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक।

5. लोड करने की गति (Loading speed)- क्या वेबसाइट तेजी से डाउनलोड करता है? सामग्री के पृष्ठ को कुशलता से डाउनलोड होते हैं?

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक।

6.उपयोगिता (Usefulness)- वेबसाइट उपयोगी जानकारी प्रदान करता है?भाषा गतिविधियाँ या कार्य उपयोगी हैं।

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक

7. संगठन (Organization) – वेबसाइट सुसंगठित है और अच्छी तरह से प्रस्तुत है?

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक

8. नेविगेशन (Navigation) – वेबसाइट नेविगेट करने में आसान है? स्क्रीन पर दिए गए निर्देश का पालन सरल है? जानकारी पुनः प्राप्त करने के लिए आसान है ? हाइपरलिंक ठीक से दिए गए हैं?

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक

9. विश्वसनीयता (Reliability)- वेबसाइट बग मुक्त (सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर में एक भी त्रुटि या दोष) है? वेबसाइट मृत लिंकों से मुक्त है ?

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक

10.प्रामाणिकता (Authenticity)- शिक्षण सामग्री प्रामाणिक हैं ? उपयुक्त संदर्भों में प्रामाणिक सामग्री प्रदान की गई हैं ?

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक

11.अन्तरक्रियाशीलता (Interactivity)- वेबसाइट इंटरैक्टिव है?प्रयोक्ता निवेश की विधियाँ प्रभावशाली ढंग से लागू की गई है।

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक

12.प्रतिपुष्टि (Feedback)- शिक्षार्थी के लिए अनुक्रियाओं पर प्रतिपुष्टि उत्साहजनक है? त्रुटियों का प्रबंधन अर्थपूर्ण और सहायक है।

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक

13.मल्टीमीडिया (Multimedia)- वेबसाइट ग्राफिक्स, ध्वनि और रंग का प्रभावी उपयोग करता है? ऑडियो गुणवत्ता के स्तर पर, ग्राफिक्स या भाषा सीखने के लिए वीडियो आदि का प्रदर्शन उचित पैमाने पर है ?

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक

14.संप्रेषण (Communication)- उपयोगकर्ता वेबसाइट के माध्यम से वास्तविक लोगों के साथ ऑन लाइन संवाद कर सकते हैं?ऑनलाइन सहायता उपलब्ध है।

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक

15.एकीकरण (Integration)- अधिगम सामग्री पाठ्यचर्चा में एकीकृत की जा सकती है? सामग्री पाठ्यचर्चा के लक्ष्यों के अनुरूप है?

(क) बहुत असंतोषजनक (ख) असंतोषजनक, (ग) अनिश्चित (घ) संतोषजनक (ड) बहुत संतोषजनक

इन सभी के अलावा वेबसाइट की समग्र रेटिंग पर भी उपयोगकर्ताओं से विचार लिए गए हैं, जो इस प्रकार है-

1. बहुत निकृष्ट (Very Poor)
2. निकृष्ट (Poor)
3. पर्याप्त (Adequate)
4. अच्छा (Good)
5. उत्कृष्ट (Excellent)

**वेबसाइट्स का चयन-**

अन्य भाषा शिक्षण एवं अधिगम पर केंद्रित वेबसाइट्स हेतु वेब खोज की मुहिम चलाई गई। इसके परिणामस्वरूप ऐसी निम्नलिखित वेबसाइट्स सामने आईं जो दावा करती हैं कि वो अन्य भाषा सीखने वालों के लिए उपयोगी हैं। इन वेब-साइट्स का परीक्षण किया गया एवं कुछ को निम्न कारणों से अलग किया गया।

- वेबसाइट हेतु सदस्यता की अनिवार्यता।
- वेबसाइट पर उपलब्ध शिक्षण सामग्री के उपयोग हेतु शुल्क देने की अनिवार्यता।
- वेबसाइट पर अधिक मात्रा में अनावश्यक विज्ञापनों की प्रदर्शनी जिससे वेबसाइट का उपयोग निराशाजनक हो जाता है।

दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि यहाँ उन वेबसाइट्स चयन किया गया है जो नि:शुल्क ओपन एक्सेस (free open access) हैं, एवं अन्य भाषा शिक्षण एवं अधिगम के लिए उपयोगी हैं। निम्नलिखित वेबसाइटों का चयन किया गया है-

| क्रम सं. | वेबसाइट का नाम | वेबसाइट का पता (यू.आर.एल) |
|---|---|---|
| 1. | I SPEAK HINDI | http://www.ispeakhindi.com/ |
| 2. | Mind ur Hindi | http://www.mindurhindi.com |
| 3. | आओ हिंदी सीखें | http://www.akhlesh.com |
| 4. | Rocket languages speak and understand a new language faster | http://www.rocketlanguages.com/hindi/ |
| 5. | Learning Hindi! | http://www.learning-hindi.com |

**वेबसाइट्स मूल्यांकन प्रक्रिया**

इस कार्य हेतु दस (10) लोगों को शामिल किया गया। सभी युजर्स महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के छात्र हैं। उनका वर्गीकरण इस प्रकार है। पाँच छात्र पुरूष हैं तथा पाँच महिला। यह मूल्यांकन दिनांक 27-11-2016 से 26-12-2016 के बीच किया गया। इसके लिए वेबबाउजर गुगल क्रॉम का उपयोग किया गया। सभी छात्रों को वेबसाइट्स समीक्षा फार्म दिए गए जो प्रत्येक वेबसाइट्स के लिए अलग-अलग थे। इस प्रकार एक छात्र को पाँच पृष्ठ का वेबसाइट्स समीक्षा फार्म दिए गए। उन छात्रों द्वारा वेबसाइट्स के अवलोकन के उपरांत दिए गए फार्म में पूछे गए सवालों को वेबसाइट्स के आधार पर भरा गया। छात्रों द्वारा दिए गए जवाब के आधार बनाकर एक बारंबारता सारणी बनाई गई। बारबारता सारणी में प्रत्येक प्रश्नों के कुल अंकों को दस (10) से विभाजित कर उसका औसत निकाला गया है। यह प्रक्रिया

प्रत्येक दिए गए प्रश्नों के लिए किया गया है। इस प्रकार प्राप्त डाटा को आधार बनाकर एक टेबल तैयार किया गया है जो इस प्रकार है-

**चयनित वेबसाइट्स का अवलोकन**

इस आलेख को लिखते समय दस अवलोकनकर्ताओं ने वेबसाइट्स के अवलोकन में भाग लिया, जिसमें प्रत्येक वेबसाइट अवलोकन को प्रस्तुत किया गया है।

| | साइट 1 | साइट 2 | साइट 3 | साइट 4 | साइट 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रयोजन | 3.8 | 4.8 | 3.2 | 3.8 | 3.8 |
| सटीकता | 4.5 | 4.8 | 3.2 | 4.5 | 4.2 |
| गुणवत्ता | 4 | 4.2 | 4.2 | 3.8 | 4.8 |
| प्राधिकार | 3.9 | 3.8 | 3.5 | 3.8 | 3.2 |
| लोड करने की गति | 4.5 | 4.2 | 3.5 | 3.5 | 3.2 |
| उपयोगिता | 3.8 | 3.8 | 3.2 | 4.2 | 4..2 |
| संगठन | 3.8 | 3.2 | 3 | 3.5 | 2 |
| नेविगेशन | 3 | 4.5 | 3.8 | 4.1 | 3.5 |
| विश्वसनीयता | 4.5 | 3.2 | 3.8 | 4.2 | 4 |
| प्रामाणिकता | 3.8 | 4 | 3.5 | 3.5 | 3.5 |
| अन्तरक्रियाशीलता | 3.5 | 3 | 2.2 | 3.8 | 4.3 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिपुष्टि** | 2.8 | 3 | 3.2 | 3.8 | 3.8 |
| **मल्टीमीडिया** | 3.8 | 2.8 | 2.8 | 2.2 | 3.2 |
| **संप्रेषण** | 2.8 | 2.8 | 2.8 | 3.5 | 4 |
| **एकीकरण** | 3.8 | 4 | 3 | 2.8 | 3.5 |
| **समग्र रेटिंग** | 4.6 | 3.7 | 3 | 3.7 | 3.6 |

अवलोकनकर्ताओं द्वारा दिए गए उत्तर को आधार मानकर वेबसाइट्स का मूल्यांकन किया है, जो इस प्रकार से हैं-

सभी अवलोकनकर्ताओं ने इस बात पर अपनी-अपनी सहमति प्रदान की कि इन 5 वेबसाइट्स पर उपलब्ध शिक्षण सामग्री थोड़े बहुत अंतर होने के बावजूद सही है। 4.8 अंक वेबसाइट-1 को प्रयोजन के लिए दिए तथा सटीकता के लिए वेबसाइट-2 को और गुणवत्ता के लिए वेबसाइट -5 को मिले हैं। संगठन पक्ष के संदर्भ में सबसे कम अंक (2) वेबसाइट -5 को मिले। केवल साइट 1 को छोड़कर, बाकी वेबसाइट्स मल्टीमीडिया विशेषताओं की दृष्टि से संदेहजनक एवं असंतोषजनक सिद्ध हुईं।

## निष्कर्ष

अवलोकन परिणामों के विश्लेषण से यह पता चला कि प्रत्येक मानदंड से प्राप्त रेटिंग समग्र रूप से प्राप्त की गई रेटिंग से अधिक महत्त्वपूर्ण है। यह भी सत्य है कि मूल्यांकन एवं परीक्षण हेतु प्राप्त रेटिंग इन वेबसाइट्स के अवलोकन हेतु पर्याप्त एवं अंतिम निर्णय नहीं है क्योंकि हर जांच-सूची किसी न किसी रूप में एक दूसरे से कोई न कोई संबंध रखती है और इसे समान रूप से मापना बहुत से विषयों में अत्यधिक दुष्कर कार्य है। इससे यह पता चलता है कि किसी भी जाँच-सूची से प्राप्त परिणाम को सटीक एवं संपूर्ण मूल्यांकन तथ्य समझ कर किसी भी वेबसाइट की प्रभावात्मकता को नहीं मापा जा सकता। हाँ, यह

प्रयोगकर्ता की तत्काल प्रतिक्रिया को अवश्य प्रदर्शित कर सकता है और मूल्यांकन कर्ता को सहायता प्रदान कर सकता है।

आरंभिक चरण में वेबसाइट्स के अवलोकन हेतु कुछ शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया था, परिणामों ने वेबसाइट मूल्यांकन प्रणाली के अनुसार किसी भी अन्य भाषा शिक्षण वेबसाइट की उपयुक्तता एवं अनुपयुक्तता का पता लगाया। मूल्यांकन प्रणाली की सहायता से यह पता चल पाया कि यह प्रणाली उचित वेबसाइट चयन में सहायक सिद्ध हुई है। उपयोगकर्ताओं ने प्रत्येक मूल्यांकन मानदंड हेतु प्रतिक्रिया दर्ज की जिससे शिक्षकों हेतु उचित वेब आधारित सामग्री के चयन एवं उन्हें सही संदर्भों में प्रयोग करने हेतु ज्ञान मिला। यह बता देना अनिवार्य है कि इस मूल्यांकन कार्य में अवलोकनकर्ताओं की संख्या बहुत ही सीमित थी किंतु यह प्रयास किया जा रहा है कि एक ऐसा ऑनलाइन परियोजना कार्य किया जाए जिसमे अधिकाधिक शिक्षकों को सम्मलित कर नए परिणामों तक पहुंचा जा सके। मूल्यांकन वेब पर उपलब्ध सामग्री हिंदी शिक्षकों हेतु वेब आधारित भाषा शिक्षण वातावरण को आधिकाधिक सुग्राह्य एवं अनुकूल बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

**संदर्भ-सूची**

1. Alexander, J. Tate, M. A. (1996). Checklist for an informational Web page. Retrieved June 24, 2003 from http://www2.widener.edu/WolfgramMemorial-Library/webevaluation/inform.htm
2. Joseph, L. C. (1999). WWW CyberGuide ratings for content evaluation. Retrieved June 24, 2003 from http://www.cyberbee.com/guides.html
3. Kelly, K. (2000). Guidelines for designing a good Web site for ESL students. The Internet TESL Journal, 6(3). Retrieved June 24, 2003 from http://iteslj.org/Articles/Kelly-Guidelines.html

4. McKenzie, J. (1997). Comparing & evaluating Web information sources. Retrieved June 24, 2003 from http://www.fno.org/jun97/eval.html
5. Nelson, J. (1998). A system for the evaluation of ESL Web sites. Retrieved June 24, 2003 from http://www.wsu.edu:8080/%7Ejtnelson/thesis/complete_thesis.html
6. http://guides.library.cornell.edu/c.php?g=32334&p=203767&preview=ad0bac0490cf7ab0653096fe3b4a0fee
7. http://www.lib.umd.edu/tl/guides/evaluating-web
8. http://www.widener.edu/about/campus_resources/wolfgram_library/evaluate/
9. http://lib.colostate.edu/howto/evalweb.html
10. http://www.lib.vt.edu/instruct/evaluate/
11. http://guides.lib.berkeley.edu/evaluating-resources
12. http://www.library.kent.edu/criteria-evaluating-web-resources
13. https://eprints.usq.edu.au/820/1/Son_ch13_2005.pdf
14. http://www.conta.uom.gr/conta/publications/html/EVALUATION%20OF%20INTERNET%20BASED%20MATERIALS%20FOR%20LANGUAGE%20LEARNING.htm

**Citation:** कुमार, संजय (2019). हिंदी भाषा शिक्षण और अधिगम संबंधी वेबसाइटों का मूल्यांकन, HindiTech: A Blind Double Peer Reviewed Bilingual Web-Research Journal, 10 (2), 15-26. URL: [https://hinditech.in/hindi-bhasha-shikshan-aur-adhigam-sambandhi-websiton-ka-mulyankan/](https://hinditech.in/hindi-bhasha-shikshan-aur-adhigam-sambandhi-websiton-ka-mulyankan/)